

# विप्र कला-वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय

जी. ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

# "विप्रारोह"

## Monthly E-Bulletin November 2023

पंजीयन क्र. 17951

मासिक अंक नवम्बर २०२३

## मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विप्र कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता

5 नवंबर. छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं के साथ–साथ छात्रों ने भी प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार मनाने के लिए प्रोत्साहित करते विभिन्न कलाकृति के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विप्र कॉलेज में रैली एवं अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने परिवार ,समाज एवं घर के आसपास समस्त नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में सभी ने मतदान करने का संकल्प लिया।












## मेहंदी प्रतियोगिता

4 नवंबर को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विप्र कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत सुंदर मेहंदी बनाई जिसमें प्रथम स्थान अनु B.Sc. द्वितीय स्थान दिव्या B.Ed. सेकंड सेमेस्टर और तीसरा स्थान पायल योगा ने प्राप्त किया।





## दीपावली के शुभ अवसर पर विप्र कॉलेज में दीपों का प्रदर्शनी

10 नवंबर .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने दीपों को आकर्षक कलाकृति बनाकर एवं अन्य सजावटी वस्तुओं का प्रदर्शनी लगाया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पालक, आसपास के नागरिक एवं अध्यापकों ने खरीदारी की । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों ने दीप, सजावटी वस्तुओं पर आकर्षक कलाकृति बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही इन्हें विक्रय करके उद्यम का ज्ञान प्राप्त किया। संगठित होकर बड़ी मात्रा में दीप, आकर्षक सजावटी वस्तुओं का प्रदर्शनी लगाने से उन्हें संगठन की भावना या संगठित होकर कार्य करने की कला विकसित हुआ। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।







## यादो का आईना






इंटर कॉलेज क्रिकेट

### लगातार दूसरे वर्ष इंटर कॉलेज चैंपियन बना विप्र महाविद्यालय

रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग और विप्र कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विप्र ट्राफी इंटर कॉलेज स्पर्धा का फाइनल मुकाबला मंगलवार को विप्र कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। इस अवसर पर विप्र कॉलेज विरुद्ध शासकीय महाविद्यालय धमतरी के बीच मुकाबला हुआ। इसमें विप्र कॉलेज ने धमतरी को 45 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। बता दें विप्र कॉलेज पिछले साल भी चैंपियन रह चुकी है। इंटर कॉलेज स्पर्धा में उसने दूसरी बार जीत दर्ज कर ट्राफी अपने नाम की है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विप्र कॉलेज की शुरुआत शानदार रही। लेकिन शासकीय महाविद्यालय धमतरी की कसी हुई गेंदबाजी के आगे विप्र के खिलाड़ी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और पूरी टीम 134 के स्कोर पर आॅउट हो गई। इसमें मुदित ने 63 गेंद में 6 चौकों की मदद से 41 रन बनाए। त्रीपेश ने 61 गेंद में 2 चौके की सहायता से 26 रन बनाए। धमतरी के रघुवीर ने 6 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट चटकाए। हिमाचल व खिलेश्वर ने 2-2 विकेट लिए।

**अंतिम विकेट लिए सुभांग ने खेली 25 रन की पारी**

जीत के लिए 135 रन का पीछा करने उतरी धमतरी की टीम की शुरुआत ही बेहद खराब रही। विप्र के बल्लेबज तो शासकीय महाविद्यालय धमतरी के बालर्स का सामना करते हुए 135 का लक्ष्य देने में कामयाब रहे, लेकिन धमतरी कॉलेज के बल्लेबाज के लिए विप्र कॉलेज के बॉलर्स का सामना करना काफी ज्यादा मुश्किल हुआ और पूरी टीम 89 रन पर ही सिमट गई। अंतिम विकेट के लिए खेलने आए धमतरी के सुभांग ने बल्की 25 रन की पारी खेली। विप्र कॉलेज के सौरभ ने 6 ओवर में 34 रन देकर चार विकेट व घनश्याम ने 6 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। विप्र कॉलेज के कृतेष साहू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित कर ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कृतेश साहू ने इस स्पर्धा में 223 रन, एक शतक और दो अर्धशतक की सहायता से बनाए। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. हाजरा शासकीय कॉलेज धमतरी डॉ. बीएस चंदेल दुर्गा कॉलेज रायपुर डॉ. रामानंद यदु शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर और डॉ. रविंद्र मिश्रा सहायक संचालक मौजूद रहे।

## एंटी रैगिंग सेल द्वारा Guest Lecturer का आयोजन

7 नवंबर को एंटी रैगिंग सेल द्वारा Guest Lecturer का आयोजन कराया गया जिसका टॉपिक रैगिंग एंड मेंटल हेल्थ An Exploration to the link था ।डॉक्टर आभा दुबे द्वारा बहुत ही अच्छा व्याख्यान दिया गया।








## अभिभावक शिक्षक मीटिंग

विप्र कॉलेज में दिनांक 9 नवंबर 2023 को बीकॉम एवं बीसीए बीएससी कक्षाओं का शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के अभिभावक अपने विभाग के क्लास टीचर एवं विभाग अध्यक्ष से मुलाकात कर छात्र एवं छात्रों की 3 महीने की रिपोर्ट दी गई। तथा स्टूडेंट की कमी तथा पढ़ाई में रुचि के लिए उनके राय लिया गया।अभिभावक द्वारा कॉलेज के विकास से संबंधित राय ली गई।







## कॉलेज काउंसिल

महाविद्यालय में 28 नवंबर को कॉलेज काउंसिल की बैठक सभी प्राध्यापको की उपस्थिति एवम प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें महाविद्यालय के विकास एवम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का पठन भी किया गया।






## विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

14 नवंबर .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर के आसपास मोहल्ले में रैली निकालकर नागरिकों से मतदान की अपील की। विद्यार्थियों ने गली–गली घूम कर नागरिकों से अपील किया कि सोच समझकर मतदान करें, किसी के बहकावे में ना आए ,किसी लालच में ना आए।

प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी द्वारा रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से करने के उपरांत विद्यार्थियों का नारा ष्जन–जन करें मतदान, भारत देश बनेगा, महान लोकतंत्र की यही पहचान, जागरूक नागरिक करें मतदान लगातार गुंजता रहा। आसपास के नागरिकों ने विद्यार्थियों के रैली की सहाराना की और साथ ही मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रैली में हिस्सा लिया।







# इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में विप्र ट्रॉफी पर विप्र कॉलेज का लगातार पांचवीं बार कब्जा






2 नवंबर से9 नवंबर तक उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम मैच में शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को श्री रावतपुरा कॉलेज ने 8 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाएं।कमल ने 23 गेंद पर 37 रन बनाएं। रावतपुर कॉलेज के अभिजीत ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर 6 विकेट लिए। जवाब में विपुल की धुआंधार बल्लेबाजी 33 बाल में 71 रन के बदौलत रावतपुरा कॉलेज ने 2 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर मैच आसानी से 8 विकेट से जीत लिया।दूसरा मैच यूटीडी पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी एवं शासकीय महाविद्यालय धरसीवा के बीच खेला गया। यूटीडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। पंकज ने 15 बॉल में 32 रन बनाया। जवाब में धरसीवा महाविद्यालय के बल्लेबाज विक्रांत के 53 रन के बाद भी पूरी टीम 138 रन पर ऑल आउट हो गई और मैच दो रन से हार गई। यश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर 3 विकेट लिया।

3 नवंबर दूसरे दिवस प्रथम मैच में हरिशंकर कॉलेज ने अग्रसेन कॉलेज को 120 रन से पराजित किया। प्रथम बल्लेबाजी करते हुए हरिशंकर कॉलेज ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाएं। देओरत ने 27 बाल में 49 रन, ईशान ने 41 गेंद में 48 रन व जयदेव ने 7 गेंद में 14 रन की शानदार पारी खेली। अग्रसेन कॉलेज के आदर्श व यश ने दो–दो विकेट लिए। जवाब में हरिशंकर कॉलेज के कसी हुई गेंदबाजी के कारण अग्रसेन की टीम 65 रण में आलआउट हो गई। अभिषेक, करण, शुभम एवं आशुतोष में दो–दो विकेट लिए ।

तीसरे दिवस शासकीय महाविद्यालय कुरूद ने उलटफेर करते हुए पैलोटी कॉलेज को 38 रन से पराजित किया। कुरूद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाएं ।आयुष ने 18 रन एवं धर्मेश्वर ने भी 18 रन बनाए। पैलोटी कॉलेज के दिव्यांश व शाश्वत ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में कुरूद महाविद्यालय के तुषार के चार विकेट एवं तामेंद्र के तीन विकेट की घातक गेंदबाजी कारण पैलोटी महाविद्यालय 76रन में आलआउट हो गई। मात्र दिव्यांश 28 रन बनाकर कुरूद महाविद्यालय के गेंदबाजों का सामना कर पाए।

दूसरा मैच में शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय को दुर्गा महाविद्यालय ने पराजित किया। दुर्गा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाएं। पोरस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में 58 रन बनाएं। हिमांशु ने 40 गेंद में 44 रन बनाया। जवाब में साइंस कॉलेज की टीम 14.3 ओवर में मात्र 97 रन में ऑल आउट हो गई। शिव 21रन और भूपेश 19 रन ने ही दुर्गा कॉलेज की गेंदबाजों का कुछ सामना कर पाए। आनंद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर मेडल के साथ तीन विकेट लिए।

5 नवंबर को विप्र कॉलेज ने महन्त कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से पराजित कर शानदार शुरुआत की। विप्र कॉलेज के प्रशांत 2 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट एवं सुधांशु 2 ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट के घातक गेंदबाजी कारण पहले बल्लेबाजी करते हुए महन्त कॉलेज 10.4 ओवर में मात्रा 38 रन में ऑलआउट हो गई। विप्र कॉलेज ने मात्र 2. ओवर में पी आशुतोष के 17 रन व शोभित के 12 रन की सहायता से बिना विकेट खोए 41 रन बनाकर मैच जीत लिया।

इसके पूर्व पहले मैच में महाराजा अग्रसेन कॉलेज ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाएं। हितेश 53 रन ,जय 40 रन और रौनक 22 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में शंकराचार्य कॉलेज 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 188 रन बना पाई और मैच 10 रन से हार गई।

दूसरा मैच प्रगति कॉलेज और शासकीय धमतरी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें पहले बैटिंग करते हुए प्रगति कॉलेज ने 7 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाएं। मोहित ने 30 गेंद में 40 रन और योगेश ने 25 गेंद में 27 रन बनाए ।जवाब में धमतरी की टीम 110 रन में ऑलआउट हो गई ।अतुल ने चार विकेट एवं नवीन व हर्ष ने दो–दो विकेट लिए। इस प्रकार प्रगति कॉलेज 26 रन से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

विप्र कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 10 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महाराजा अग्रसेन कॉलेज पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन में ऑल आउट हो गई ।रौनक ने सर्वाधिक 31 रन बनाएं। विप्र कॉलेज के सुधांशु व प्रशान्त ने तीन–तीन विकेट लिए। जवाब में विप्र कॉलेज ने मात्र 6.3 ओवर में बिना विकेट कोई 83 रन बनाकर में जीत लिया। आशुतोष ने 25 गेंद में 43 रन एवं शोभित ने 15 गेंद में 34 रन बनाएं। इसके पूर्व पहले मैच में रावतपुरा कॉलेज ने शासकीय कुरूद महाविद्यालय को 44 रन से पराजित किया। रावतपुरा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। अभिषेक ने 37 गेंद में 64 रन बनाए। जवाब में कुरूद की टीम 115 रन में आलआउट हो गई। अभिजीत और अमर ने तीन–तीन विकेट लिए ।

7 नवंबर को पहला मैच में हरिशंकर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाएं । देवव्रत ने 47गेंद में 66 रन बनाएं। प्रगति कॉलेज के नवीन वहर्ष ने तीन–तीन विकेट लिए। जवाब में प्रगति कॉलेज मात्र 49 रन में ऑल आउट हो गई। अभिजीत ने 21 रन लेकर 4 विकेट ,शुभम ने 11 रन देकर तीन विकेट व अभिषेक ने चार रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार हरिशंकर कॉलेज ने 100 रन से जीत दर्ज करके सेमी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में दुर्गा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाएं ।पोरस ने 54 गेंद पर 79 रन व हिमांशु ने 51 गेंद पर 75 रन बनाएं । जवाब में यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम 121 रन में ऑल आउट हो गई। हिमांशु और मयंक ने दो–दो विकेट लिए ।इस प्रकार दुर्गा कॉलेज ने 72 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल में श्री रावतपुरा कॉलेज ने हरिशंकर कॉलेज पर पांच विकेट से जीत कर्ज सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिशंकर कॉलेज 98 रन में आलआउट हो गई । देवव्रत ने 30 रन बनाए ।आशुतोष ने तीन विकेट एवं अमन, विपुल और अभिजीत ने दो–दो विकेट लिए। जवाब में रावतपुर कॉलेज पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। सौरभ ने 22 रन ,अभिषेक ने 16 एवं अभिजीत ने 14 रन बनाए।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला विप्र कॉलेज और दुर्गा कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें विप्र कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए प्रशांत के 66 व मुदित के 59 रन की सहायता से पांच विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाएं ।जवाब में दुर्गा महाविद्यालय 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 146 रन बन पाई। हिमांशु ने सर्वाधिक 26 रन बनाए ।अंशुमान ने 26 रन देकर तीन विकेट एवं सुधांशु ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार 51 रन से जीत दर्ज कर विप्र कॉलेज ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में विप्र कॉलेज ने श्री रावतपुरा कॉलेज को 160 रन से पराजित कर लगातार पांचवीं बार चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए विप्र कॉलेज ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाएं । अनुराग ने 28 गेंद पर 72 रन, शोभित ने 47 गेंद में 52 रन खेमकरण ने 16 गेंद में 46 रन एवं आशुतोष ने 27 गेंद में 42 रन बनाए। जवाब में रावतपुर की टीम मात्र 50 रन में आलआउट हो गई। विप्र कॉलेज के सुधांशु ने चार ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट और मुदित ने चार ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट लिए।

फाइनल मैच के बाद समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के कीड़ाधिकारी डॉ. रामानंद यदु ,शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के कीड़ाधिकारी रूपेंद्र चौहान ने विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उपविजेता का ट्रॉफी रावतपुरा कॉलेज ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का सवश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रशांत सिंह को घोषित किया गया। प्रशांत ने सेमीफाइनल में 60 रन बनाकर अपनी टीम को फाइनल में प्रवेश दिलाया ,साथ ही पूरे प्रतियोगिता में 10 विकेट प्राप्त किया। इस अवसर पर सलेक्टर मोहम्मद शबाब कुरैशी, आयोजक सचिव डॉ. कैलाश शर्मा, राजेश तिवारी, ज्ञनेंद्र भाई और डॉ. विवेक शर्मा सहित दोनों टीम के खिलाड़ी और दर्शन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महाविद्यालय की गतिविधियाँ बनी दैनिक अखबारों की सुर्खियाँ

## इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता लगातार 5 वीं बार विप्र कॉलेज ने जीता




**रायपुर।** .उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विप्र कॉलेज ने श्री रावतपुरा कॉलेज को 160 रन से पराजित कर लगातार पांचवीं बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया ।

विप्र कॉलेज मैदान में 2 नवंबर से चल रहे प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए विप्र कॉलेज ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाएं ।अनुराग ने 28 गेंद पर 72 रन, शोभित ने 47 गेंद में 52 रन खेमकरण ने 16 गेंद में 46 रन एवं आशुतोष ने 27 गेंद में 42 रन बनाए ।जवाब में रावतपुर की टीम मात्र 50 रन में ही धराशायी हो गई। विप्र कॉलेज के सुधांशु ने चार ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट और मुदित ने चार ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट लिए।

फाइनल मैच के बाद समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा विप्र महाविद्यालय ने इस वर्ष वॉलीबॉल, फुटबॉल के बाद क्रिकेट में विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। क्रिकेट में लगातार 5 वीं बार विजेता बनी है। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के कीड़ाधिकारी डॉ . रामानंद यदु ,शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के कीड़ाधिकारी रूपेंद्र चौहान,व शबाब कुरैशी ने विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उपविजेता का ट्रॉफी रावतपुरा कॉलेज ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रशांत सिंह को घोषित किया गया। प्रशांत ने सेमीफाइनल में 60 रन बनाकर अपनी टीम को फाइनल में प्रवेश दिलाया ,साथ ही पूरे प्रतियोगिता में 10 विकेट प्राप्त किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी सहयोगी यों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ।ततपश्चात प्रतियोगिता के आधार पर व सीधे चयन में कालेजों से शामिल खिलाड़ियों में से रायपुर सेक्टर टीम का गठन भी किया गया। चयनित खिलाड़ी 25 नवंबर से विप्र कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट में शामिल होंगे। इस अवसर पर कर्मिष्ठ शम्भरकर, आयोजन सचिव डॉ. कैलाश शर्मा , राजेश तिवारी, ज्ञानेंद्र भाई और डॉ. विवेक शर्मा सहित दोनों टीम के खिलाड़ी और दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दीपावली पर विप्र कॉलेज में छात्रों ने लगाई सेल



**रायपुर।** .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने कलश, लक्ष्मी की मूर्ति व दीपों में आकर्षक कलाकृति बनाकर एवं अन्य सजावटी वस्तुओं के विक्रय के लिए प्रदर्शनी लगाया ।जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी ,पालक, आसपास के नागरिक एवं अध्यापकों ने खरीदारी की । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों ने दीप,कलश, सजावटी वस्तुओं पर आकर्षक कलाकृति बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही इन्हें विक्रय करके उद्यम का ज्ञान प्राप्त किया ।संगठित होकर बड़ी मात्रा में दीप, आकर्षक सजावटी वस्तुओं का प्रदर्शनी लगाने से उन्हें संगठन की भावना या संगठित होकर कार्य करने की कला विकसित हुआ। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट, विप्र कॉलेज और रावतपुरा कॉलेज के बीच फाइनल

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायपुर,** 9 नवंबर ।उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में श्री रावतपुरा कॉलेज ने हरिशंकर कॉलेज पर पांच विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिशंकर कॉलेज 98 रन में आलआउट हो गई । देवव्रत ने 30 रन बनाए ।आशुतोष ने तीन विकेट एवं अमन, विपुल और अभिजीत ने दो-दो विकेट लिए ।जवाब में रावतपुर कॉलेज ने पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। सौरभ ने 22 रन ,अभिषेक ने 16 एवं अभिजीत ने 14 रन बनाए।



विप्र कॉलेज मैदान में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला विप्र कॉलेज और दुर्गा कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें विप्र कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए प्रशांत के 66 व मुदित के 59 रन की सहायता से पांच विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाएं ।जवाब में दुर्गा महाविद्यालय 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। हिमांशु ने सर्वाधिक 26 रन बनाए ।अंशुमान ने 26 रन देकर तीन विकेट एवं सुधांशु ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार 51 रन से विप्र कॉलेज ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि 9 नवंबर बुधवार को विप्र ट्रॉफी पर कब्जा के लिए फाइनल मुकाबला पूर्व विजेता विप्र कॉलेज एवं रावतपुरा कॉलेज के बीच खेला जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह उपरांत 8 दिन चले इन्टरकॉलेज क्रिकेट में प्रदर्शन आधार पर रायपुर सेक्टर क्रिकेट टीम का गठन होगा। विप्र ट्रॉफी को संपन्न कराने में टेक्निकल ऑफिशियल मनोज प्रधान , कोमल सोनी के साथ दोनो

## कल से विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**



**रायपुर,** 1 नवंबर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र ट्रॉफी इन्टरकॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता कल 2 नवंबर से प्रारंभ होगा। उद्घाटन मैच सुबह 8:30 बजे शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय एवं श्री रावतपुरा कॉलेज के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच यूटीडी एवं शासकीय महाविद्यालय धरसींवा के बीच खेला होगा।

यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ . मेघेश तिवारी ने बताया कि 2 नवंबर से प्रारंभ होकर 9 नवंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में 16 टीमें शामिल होंगी। जिसमें शासकीय महाविद्यालय कुरूद, शासकीय महाविद्यालय धमतरी, पैलोटी कॉलेज, अग्रसेन कॉलेज, हरिशंकर कॉलेज, प्रगति कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय, शंकराचार्य कॉलेज, महाराजा अग्रसेन कॉलेज , महन्त लक्ष्मी नारायण कॉलेज एवं मेजबान पूर्व विजेता विप्र कॉलेज की टीमों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिलेगा।

## मतदाता जागरूकता के लिए विप्र कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता

**रायपुर 6 नवंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में अनिवार्य मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार मनाने के लिए प्रोत्साहित करते विभिन्न कलाकृति के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विप्र कॉलेज में रैली एवं अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने परिवार ,समाज एवं घर के आसपास समस्त नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में सभी ने मतदान करने का संकल्प लिया।




## विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट-कुरूद और दुर्गा कॉलेज ने जीत दर्ज की

रायपुर, 5 नवम्बर (हाईवे चैनल)। .उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में आज शासकीय महाविद्यालय कुरूद ने उलटफेर करते हुए पैलोटी कॉलेज को 38 रन से पराजित किया।



कुरूद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाएं ।आयुष ने 18 रन एवं धर्मेश्वर ने भी 18 रन बनाए। पैलोटी कॉलेज के दिव्यांश व शाश्वत ने 2-2 विकेट लिए ।जवाब में कुरूद महाविद्यालय के तुषार के चार विकेट एवं तामेंद्र के तीन विकेट की घातक गेंदबाजी कारण पैलोटी महाविद्यालय 76 रन में आलआउट हो गई ।एकलौते दिव्यांश ने 28 रन बनाए और कुरूद महाविद्यालय के गेंदबाजों का सामना किया ।विप्र कॉलेज मैदान में दूसरा मैच शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय एवं दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला गया। दुर्गा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाएं। पोरस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में 58 रन बनाएं। हिमांशु ने 40 गेंद में 44 रन बनाया। जवाब में साइंस कॉलेज की टीम 14.3 ओवर में मात्र 97 रन बना कर धराशायी हो गई। शिव 21रन और भूपेश 19 रन ने ही दुर्गा कॉलेज की गेंदबाजों का सामना कर पाए। आनंद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर मेड इन के साथ तीन विकेट लिए।

## विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट में कुरूद और दुर्गा कॉलेज ने जीत दर्ज की

**रायपुर।** .उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय कुरूद ने उलटफेर करते हुए पैलोटी कॉलेज को 38 रन से पराजित किया। कुरूद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाएं ।आयुष ने 18 रन एवं धर्मेश्वर ने भी 18 रन बनाए। पैलोटी कॉलेज के दिव्यांश व शाश्वत ने 2-2 विकेट लिए ।जवाब में कुरूद महाविद्यालय के तुषार के चार विकेट एवं तामेंद्र के तीन विकेट की घातक गेंदबाजी कारण पैलोटी महाविद्यालय 76 रन में आलआउट हो गई ।एकलौते दिव्यांश ने 28 रन बनाए और कुरूद महाविद्यालय के गेंदबाजों का सामना किया ।विप्र कॉलेज मैदान में दूसरा मैच शासकीय नागार्जुन स्नाकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय एवं दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला गया। दुर्गा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाएं। पोरस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में 58 रन बनाएं। हिमांशु ने 40 गेंद में 44 रन बनाया। जवाब में साइंस कॉलेज की टीम 14.3 ओवर में मात्र 97 रन बना कर धराशायी हो गई। शिव 21रन और भूपेश 19 रन ने ही दुर्गा कॉलेज की गेंदबाजों का सामना कर पाए। आनंद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर मेड इन के साथ तीन विकेट लिए। इस तरह दुर्गा कॉलेज ने साइंस कॉलेज को 109 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया ।

## विप्र क्रिकेट ट्रॉफी : उद्घाटन मैच में श्रीरावतपुरा कॉलेज की जीत

**रायपुर @ पत्रिका.** विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को आगाज हो गया, जिसमें खेले गए उद्घाटन मैच में श्रीरावतपुरा कॉलेज ने छत्तीसगढ़ कॉलेज को 8 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। पहले मैच में छत्तीसगढ़ कॉलेज पहले बल्लेबाजी की और कमल के 37 रन की पारी से 20 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन का स्कोर खड़ा किया। रावतपुर कॉलेज के अभिजीत ने 6 विकेट लिए। जवाब में जवाब में श्रीरावतपुरा कॉलेज ने विपुल की धमाकेदार 33 गेंदों में 71 रन पारी के बदौलत 2 विकेट खोकर 153 रन बना लिए और 8 विकेट से छत्तीसगढ़ कॉलेज को हरा दिया।




## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से संलग्न क्षेत्रों में रैली निकालकर नागरिकों से मतदान की अपील की। विद्यार्थियों ने गली-गली घूम कर नागरिकों से अपील किया कि सोच समझकर मतदान करें, किसी के बहकावे में ना आए ,किसी के लालच में ना आए।

प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी द्वारा रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से किया। विद्यार्थियों ने जन-जन करें मतदान ,भारत देश बनेगा महान लोकतंत्र की यही पहचान, जागरूक नागरिक करें मतदान जैसे नारे लगाए। आसपास के नागरिकों ने विद्यार्थियों के रैली की सहाराना की और साथ ही मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी रैली में शामिल थे।

## विप्र ट्रॉफी इंटरकॉलेज क्रिकेट में कुरूद व दुर्गा कॉलेज विजयी

दूसरा मैच शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान एवं दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला गया

रायपुर। विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटरकॉलेज क्रिकेट स्पर्धा में शनिवार को शासकीय महाविद्यालय कुरूद ने उलटफेर करते हुए पैलोटी कॉलेज को 38 रन से पराजित किया। कुरूद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाएं। आयुष और धर्मेश्वर ने 18-18 रन बनाए। पैलोटी कॉलेज के दिव्यांश व शाश्वत ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कुरूद महाविद्यालय के तुषार के 4 विकेट व तामेंद्र के 3 विकेट की घातक गेंदबाजी से पैलोटी कॉलेज 76 रन पर ऑलआउट हो गया। इकलौते दिव्यांश ने 28 रन बनाए और कुरूद महाविद्यालय के गेंदबाजी का सामना किया।



**आज पहला मैच शंकराचार्य व मैक कॉलेज के बीच**

प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि रविवार को पहला मैच शंकराचार्य कॉलेज और महाराजा अग्रसेन कॉलेज के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच प्रगति कॉलेज व शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीच तथा तीसरा और अंतिम मैच महंत कॉलेज एवं मेजबान पूर्व विजेता विप्र कॉलेज के बीच खेला जाएगा।

विप्र कॉलेज मैदान में दूसरा मैच शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय एवं दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला गया। दुर्गा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 206 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पोरस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों में 58 रन बनाए। वहीं हिमांशु ने 40 गेंदों में 44 रन बनाए। जवाब में साइंस कॉलेज की टीम 14.3 ओवर पर मात्र 97 रन बना कर धराशायी हो गई। साइंस कॉलेज के शिव ने 21 रन और भूपेश ने 19 रन बनाए। आनंद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर मेड इन के साथ तीन विकेट लिए। इस तरह दुर्गा कॉलेज ने साइंस कॉलेज को 109 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता

## पैलोटी कॉलेज रायपुर को शास. कॉलेज कुरुद ने हराया



**रायपुर @ पत्रिका.** विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में शासकीय महाविद्यालय कुरुद ने पैलोटी कॉलेज को 38 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए पहले मुकाबले में महाविद्यालय कुरुद ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 9 विकेट 114 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और 115 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैलोटी कॉलेज को 76 रन पर ही समेट दिया। कुरुद के गेंदबाज तुषार ने चार और तामेंद्र ने 3 विकेट झटके।

**दूसरे मैच में दुर्गा कॉलेज की जीत:** दूसरा मुकाबला दुर्गा कॉलेज और साइंस कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें दुर्गा कॉलेज ने साइंस कॉलेज को 109 रन की करारी शिकस्त दी। इस मैच में दुर्ग कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी और पोरस के 58 व हिमांशु के 44 रन की पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में दुर्गा कॉलेज के गेंदबाजों ने साइंस कॉलेज को 14.3 ओवर में 97 रन पर ही ढेर कर दिया और अपनी टीम को 109 रन से जीत दिला दी।

**आज के मैच**

**पहला मैच:** शंकराचार्य कॉलेज बनाम महाराजा अग्रसेन कॉलेज

**दूसरा मैच:** प्रगति कॉलेज बनाम शा महाविद्यालय धमतरी

**तीसरा मैच:** महंत कॉलेज बनाम विप्र कॉलेज

## विप्र कॉलेज तीसरी बार बना चैम्पियन

**रायपुर. 21 नवंबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शंकराचार्य कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी विप्र कॉलेज ने डागा कॉलेज को 6 विकेट से पराजित कर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। डागा कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 36 रन में आलआउट हो गई। विप्र कॉलेज के मनस्वी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। निशा ने 3विकेट व मोहसिना ने दो विकेट लिए। जवाब में विप्र कॉलेज चार विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया। मिताली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 बॉल में 19रन बनाएं। डागा कॉलेज के पूनम ने तीन विकेट प्राप्त किया।



इसके पूर्व पहला मैच शासकीय महाविद्यालय धमतरी और विप्र कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें विप्र कॉलेज में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। मिताली के शानदार 50 रन 27 गेंद में और प्रिया के 13 गेंद में 28 रन के बदौलत विप्र कॉलेज ने दो विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाएं। जवाब में धमतरी महाविद्यालय छह विकेट के नुकसान पर मात्र 26 रन बन पाई। इस प्रकार विप्र कॉलेज ने 78 रन से शानदार जीत शासकीय धमतरी महाविद्यालय पर प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इसके पूर्व उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र महाविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज पुरुष वर्ग का क्रिकेट टूर्नामेंट में विप्र कालेज ने लगातार पांचवीं बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

## मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली प्रतियोगिता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में अनिवार्य मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार मनाने के लिए प्रोत्साहित करते विभिन्न कलाकृति के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाया। कालेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विप्र कॉलेज में रैली एवं अन्य प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने परिवार ,समाज एवं घर के आसपास समस्त नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है।




**'B' GRADE ACCREDITED BY NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDIATION COUNCIL (NAAC) (10TH DEC' 2014 TO 09TH DEC' 2019)**

**Recognised by Higher Education, UGC and NCTE and Permanently Afiliated to Pt. Ravishankar Shukla, Raipur (C.G.)**

✿ COMMERCE ✿ MANAGEMENT ✿ SCIENCE ✿ COMPUTER ✿ EDUCATION ✿ PHYSICAL EDUCATION ✿ YOGA

E-mail : vipracollge1996@gmail.com, Visit us : www.vipracollege.org

**संपादक मण्डल :- डॉ. विवेक कुमार शर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा, डॉ. कंचन मिश्रा, श्रीमती अपूर्वा शर्मा**

**विशेष सहयोग : एलुमनी एसोसिएशन, विप्र महाविद्यालय रायपुर**